
# अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई को रोकने के लिए धार्मिक रूप दिया

## सार्वजनिक कुएं पर किसे अतिक्रमण को रोकने के लिए रातों-रात शिव परिवार की मूर्ति स्थापित की

**नारायणपुर, (निसं)।** उपखंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत चतरपुरा के रैगरों के मोहल्ले में सार्वजनिक कुएं पर हो रहे अतिक्रमण को हटाकर ग्राम पंचायत द्वारा पानी की टंकी बनाने का मामला अब तूल पकड़ने लगा है। इसको लेकर ग्राम पंचायत चतरपुरा के लोगों ने बुधवार को नारायणपुर एसडीएम सुनीता मीणा को ज्ञापन दिया है। ज्ञापन में बताया कि कुछ लोगों द्वारा सार्वजनिक कुएं पर अतिक्रमण किया हुआ है, उसको बानसूर विकास अधिकारी और ग्राम पंचायत द्वारा नोटिस चस्पा कर अतिक्रमण हटाना जाना प्रस्तावित था। लेकिन कुछ लोगों द्वारा सार्वजनिक कुएं पर किये गए अतिक्रमण को रोकने के लिए रातों-रात धार्मिक मुद्दा बनाने के लिए शिव परिवार की मूर्ति स्थापित कर दी गई।


ग्रामीणों के ज्ञापन के बाद एसडीएम मीणा ने ग्राम पंचायत चतरपुरा के रैगरों के मोहल्ले में विवाद स्थल पहुंचकर मौका मुआयना किया। इधर भाजपा प्रदेश मंत्री महेंद्र ने बताया कि शिवालय आस्था का प्रतीक है उसको लेकर मोहल्ले के लोग एकजुट है लोग उसकी पूजा करें और मंदिर को हटाया नहीं जाए, वहां पंचायत की ओर से पानी की टंकी रखवाकर पेयजल व्यवस्था भी कर दी जाए।



भाजपा प्रदेश मंत्री महेन्द्र यादव ने ग्रामीणों से शिव परिवार के बारे में जानकारी ली।

# रीट परीक्षा प्रकरण में एसओजी ने दो जनों को कोर्ट में पेश किया

## रीट पेपर लीक मामले में 2 और आरोपी जालोर से गिरफ्तार



रीट प्रकरण में आरोपी को पेश करने ले जाती एसओजी।

**गंगापुर सिटी, (निसं)।** रीट (राजस्थान इलिजिबिलीटी इन्ट्रेंस एक्जाम) पेपर लीक मामले में एसओजी की टीम लगातार कार्रवाई कर रही है और मामले से जुड़े आरोपियों को गिरफ्तार कर रही है। एसओजी की टीम ने रीट पेपर लीक मामले में 2 और आरोपियों को जालोर से गिरफ्तार किया है।

टीम ने बुधवार को इन आरोपियों को गंगापुर सिटी कोर्ट में पेश किया, जहां से 1 आरोपी को पुलिस रिमांड पर सौंपा है और दूसरे को जेल भेज दिया है। एसओजी के सीआई रमेश चंद ने बताया कि भीनमाल शहर में रीट परीक्षा से पहले अभ्यर्थियों को पेपर पढ़ाने के लिए जगह उपलब्ध करवाने के आरोप में करडा थाना क्षेत्र के कोटडा व हाल भीनमाल के मालवीय नगर निवासी रामलाल कांवा (46) पुत्र कानाराम बिश्नोई और संग्रामराम बिश्नोई निवासी भीनमाल को गिरफ्तार किया है।

- कोर्ट ने एक को भेजा जेल व एक को सौपा रिमाण्ड पर

दोनों आरोपियों को गंगापुर सिटी की न्यायिक मजिस्ट्रेट कोर्ट में पेश किया गया, जहां से रामलाल बिश्नोई को 3 दिन के पुलिस रिमांड पर सौंपा गया है, जबकि संग्रामराम बिश्नोई को जेल भेज दिया गया। रीट पेपर लीक मामले में एसओजी ने अब तक 63 लोगों को गिरफ्तार किया है।

# फर्म के पास नहीं है पर्याप्त कर्मचारी व संसाधन, उसे ही दे दिया सफाई का ठेका

- फर्म के द्वारा ठेके की शर्त पूरी नहीं करने के बाद भी पालिका द्वारा हर माह लाखों का भुगतान किया जा रहा है
- पालिका के पास सफाई कर्मचारी उपलब्ध हैं लेकिन उन्हें बड़े प्रशासनिक उच्चाधिकारियों के कार्यालयों और उनके आवास पर निजी कार्यों के लिए भेज दिया गया है

**डीडवाना, (निसं)।** डीडवाना शहर की सफाई व्यवस्था में सुधार भले ही ना हो लेकिन सरकार के लाखों रुपए की 'सफाई' जरूर की जा रही है। दरअसल डीडवाना की सफाई व्यवस्था को सुधारने के नाम पर दिए गए ठेके में बड़ा गड़बड़झाला सामने आया है। सफाई ठेके के नाम पर सरकार के लाखों रुपए की भी कथित लूट हो रही है।

जानकारी के अनुसार डीडवाना नगर पालिका द्वारा सफाईकर्मियों की कमी का हवाला देकर और सफाई व्यवस्था को बेहतर और सुदृढ किए जाने के नाम पर कुछ समय पूर्व लगभग 92 लाख रुपए का टेंडर जारी किया था। इस टेंडर में सफाई कर्मचारियों की संख्या, संवेदक के पास उपलब्ध संसाधन, निर्धारित वार्ड क्षेत्र सहित अनेक शर्तें तय की गई थी लेकिन आश्चर्य की बात है कि जिस फर्म को ठेका दिया गया है,उसके द्वारा किसी भी प्रकार की शर्त पूरी नहीं की जा रही। इसके बावजूद नगर पालिका द्वारा संबंधित फर्म को प्रतिमाह लाखों रुपए का भुगतान किया जा रहा है। नियमानुसार ठेके की शर्तों में संवेदक के पास लगभग 70 से 80 सफाई कर्मचारी होने आवश्यक है। वहीं कचरा परिवहन हेतु 4 ट्रैक्टर तथा अन्य संसाधन होने जरूरी है। इसके अलावा जिन वार्डों में ठेकाकर्मियों को सफाई का काम सौपा गया है, उन वार्डों में नियमित रूप से सुबह व शाम सफाई होना अनिवार्य है।

मगर सच्चाई यह है कि संवेदक के पास आधे से भी कम सफाई कर्मचारी उपलब्ध है। वही कचरा परिवहन के लिए मात्र एक ट्रैक्टर ही मौजूद है। इसके अलावा कचरा ट्रोलियां सहित अन्य जरूरी संसाधनों का भी अभाव है। यही नहीं जिन वार्डों में ठेके के सफाई कर्मचारियों को सफाई करनी है, उन वार्डों में नगर पालिका के सफाई कर्मचारी ही सफाई कर रहे हैं। यानी संवेदक के सफाई कर्मचारी निर्धारित स्थानों पर सफाई करने भी नहीं पहुंच रहे। नगर पालिका के पास पर्याप्त सफाई कर्मचारी उपलब्ध है लेकिन इनमें से अधिकांश सफाई कर्मचारियों को बड़े प्रशासनिक उच्चाधिकारियों के कार्यालयों और उनके आवास पर निजी कार्यों के लिए भेज दिया गया है। वहीं कई सफाई कर्मचारियों से नगर पालिका में भी विभागीय कार्य करवाए जा रहे हैं। हरिजन के अलावा अन्य जातियों के सफाई कर्मचारियों को विभागीय काम या उच्चाधिकारियों के पास डेपुटेशन पर भेज दिया जाता है।

इस मामले में निर्दलीय पार्षद नासिर कुरेशी ने भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए कहा है कि नगर पालिका अपने चहेते लोगों को अधिकृत करने में लगी हुई है। जिन वार्डों के लिए सफाई ठेका दिया गया है। उन वार्डों में संवेदक का कोई सफाई कर्मचारी नहीं जाता। यही नहीं संवेदक के पास शर्त अनुसार आधे से भी कम कर्मचारी है। उसके पास पर्याप्त संसाधन भी उपलब्ध नहीं है। ऐसे में समझा जा सकता है कि संवेदक शहर की सफाई कैसे करवाएगा? उन्होंने इस मामले की जांच की मांग की है।

# आईटीआई में प्रवेश के लिए ऑनलाइन फार्म आमंत्रित

**अजमेर, (कासं)।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान माखुपुरा में प्रवेश के लि ए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के उपाचार्य शिलेन्द्र माथुर ने बताया कि सत्र 2022-23 व 2022-24 में राज्य की समस्त औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में एनसीवीटी व एससीवीटी के अन्तर्गत विभिन्न व्यवसायों में प्रवेश के लि ए राज्य स्तरीय केन्द्रीकृत ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया द्वारा प्रवेश के लि ए आवेदन पत्र आमंत्रित किए गए है। इच्छुक अभ्यर्थी राजस्थान सरकार के एकीकृत एसएसओ पोर्टल अथवा ई-मित्र कियोस्क के माध्यम से ऑनल ाईन फार्म 31 मई से भर सकेंगे। ऑनल ाईन आवेदन फार्म भरने के लिए आवेदन का प्रोसेस शुल्क ई-मित्र के माध्यम से जमा करने की अंतिम तिथि 8 जुलाई है। प्रवेश के लिए अभ्यर्थी की आयु एक सितम्बर 2022 को 14 वर्ष या उससे अधिक होनी चाहिए।

# आरपीएससी ने जारी की छह परीक्षाओं की संभावित तिथि

**अजमेर, (कासं)।** आरपीएससी 6 विभिन्न परीक्षाओं की संभावित तिथि जारी की गई। आयोग सचिव एचएल अटल ने बताया कि विभिन्न विभागों में 16 हजार 354 पदों के लिए परीक्षाओं का आयोजन कराया जाना प्रस्तावित किया गया है। आयोग के फुल कमीशन की बैठक में इस संबंध में हुए विचार-विमर्श के बाद सर्वसम्मति से लिए गए निर्णयों के क्रम में विभिन्न परीक्षाओं की संभावित परीक्षा तिथियों को जारी किया गया है। इससे अभ्यर्थियों को विभिन्न परीक्षाओं की समयबद्ध रूप से तैयारी करने का अवसर मिलेगा।

ग्राउंड वाटर डिपार्टमेंट संवीक्षा परीक्षा 2022 के तहत जूनियर जियोफिजिसिस्ट, जूनियर हाइड्रो जियोलॉजिस्ट एवं तकनीकी सहायक-केमिस्ट्री तथा हाइड्रोजियोलॉजी के कुल 53 पदों की संवीक्षा परीक्षा का आयोजन 1 एवं 2 अगस्त 2022 को किया जाना संभावित है। एग्रीकल्चर रिसर्च ऑफिसर एवं असिस्टेंट एग्रीकल्चर रिसर्च ऑफिसर के कुल 22 पदों के लि ए संवीक्षा परीक्षा 2022 का आयोजन दिनांक 27 से 30 अगस्त 2022 तक किए जाने की संभावना है। माध्यमिक शिक्षा विभाग में 26 विषयों के कुल 6000 पदों की स्कूल लेक्चरर परीक्षा 2022 का आयोजन अक्टूबर माह के द्वितीय से चतुर्थ सप्ताह के मध्य तथा वरिष्ठ अध्यापक ग्रेड द्वितीय परीक्षा 2022 के तहत 8 विषयों के कुल 9760 पदों के लिए परीक्षा दिनांक 17 दिसम्बर से 24 दिसंबर तक आयोजित की जा सकती है। संस्कृत शिक्षा विभाग में 5 विषयों के कुल 102 पदों के लि ए स्कूल लेक्चरर परीक्षा-2022 दिनांक 13 नवंबर से 15 नवंबर 2022 के मध्य एवं वरिष्ठ अध्यापक ग्रेड-द्वितीय परीक्षा 2022 के तहत 6 विषयों के कुल 417 पदों के लि ए माह जनवरी 2023 के द्वितीय सप्ताह में परीक्षा को आयोजित किया जाना प्रस्तावित है।

# पांचवीं व आठवीं बोर्ड का रिजल्ट एक-दो दिन में

**बीकानेर, (कासं.)।** पांचवीं व आठवीं बोर्ड का एग्जाम रिजल्ट एक-दो दिन में घोषित होने वाला है। बुधवार को रिजल्ट करने की तैयारी थी लेकिन कुछ खामियों के चलते स्थगित कर दिया गया। अब शुक्रवार तक रिजल्ट जारी करने का प्रयास किया जा रहा है। राज्य में पांचवीं व आठवीं के 27 लाख 23 हजार स्टूडेंट्स को रिजल्ट का इंतजार है। आठवीं बोर्ड में इस बार स्टूडेंट्स को फेल करने का प्रावधान है।

शिक्षा मंत्री डॉ. बी.डी. कल्ला परीक्षा परिणाम जारी करने के लिए कम्प्यूटर पर पहला बटन दबाएंगे। एक साथ पूरे राज्य का परिणाम घोषित करने की कोशिश के चलते कुछ जिलों में रिजल्ट तैयार होने के बाद भी घोषित नहीं किया जा रहा है।राज्य में आठवीं बोर्ड के 12 लाख 63 हजार स्टूडेंट्स ने एग्जाम दिया है, जबकि पांचवीं बोर्ड में 14 लाख 60 हजार स्टूडेंट्स ने एग्जाम दिया है।

# न्यांगली का बेटा कनाडा सरकार में मैनेजर विश्लेषक बना

**सादुलपुर, (निसं)।** गांव न्यांगली निवासी नरेश सिंह न्यांगली का पुत्र युवराज सिंह राठौड़ का कनाडा सरकार के लोकसेवा आयोग मानव संसाधन सेवाएं विभाग में मैनेजर विश्लेषक (सिस्टम एनालिस्ट) के पद पर नियुक्ति होने पर गांव सहित क्षेत्र में खुशी की लहर है।

युवराज सिंह ने कनाडा के रेड रीवर कॉलेज से बिजनेस टेक्नोलोजी मैनेजर की पढाई की है। युवराज सिंह राठौड के पिता नरेश सिंह न्यांगली ने बताया कि यदि ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों को उचित सुविधा व वातावरण मिले तो प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है। युवराज सिंह राठौड ने कठोर मेहनत व लग्न के साथ पढाई करके विदेश में भी अपनी प्रतिभा से बढिया पैकेज पर यह मुकाम हासिल किया है। इससे गाँव न्यांगली में खुशी का माहौल है। गौरतलब है कि इस उपलब्धि से अन्य बच्चों को भी प्रेरणा मिलेगी। कनाडा में मैनेजर विश्लेषक (सिस्टम एनालिस्ट) के पद पर नियुक्त युवराज सिंह राठौड़।



युवराज सिंह राठौड़

# इंदिरा गांधी नहर में मिले बम को 16 दिन बाद डिफ्यूज किया

**सूरतगढ़, (निसं)।** उपखंड के राजियासर कस्बे में गत दिनों मिले बम का निस्तारण बीकानेर से पंहुचे सेना के दस्ते ने सुरक्षा जाप्ते के साथ डिफ्यूज करवा दिया। थानाधिकारी पवन चौधरी ने बताया कि 8 मई को राजियासर थाना क्षेत्र के उदयपुर गोदारान की रोही के गांव 3 की रोही में नहरबंदी के दौरान इंदिरा गांधी नहर में बम मिला था। जिसको पुलिस ने नहर के के किनारे ही सुरक्षित रखवाया था और आज बीकानेर से सेना के बम निरोधक दस्ते ने सुरक्षित स्थान पर ले जाकर बम का निस्तारण करवा दिया है। इस दौरान एतिहात के तौर पर पुलिस जाप्ता व सेना के उच्चाधिकारी मौजूद रहे।

# दिव्यांगों से ऑनलाइन आवेदन के नाम पर वसूले रुपए

**अलवर, (निसं)।** सक्षम अलवर अभियान के तहत पंचायत समिति मालाखेड़ा में बड़ी संख्या में दिव्यांगजन अपने परिजनों के साथ पहुंचे। शिविर में 351 से अधिक रजिस्ट्रेशन किए गए। इस दौरान ऑनलाइन करने के पहले दिव्यांगजन से आय प्रमाण पत्र के 50 रुपए तथा ऑनलाइन के 50 रुपए और फार्म के भी 20 रुपए वसूले गए जिसे लेकर लोगों ने उपखंड अधिकारी मालाखेडा के समक्ष शिकायत की थी।

लोगों की शिकायत पर उपखंड अधिकारी ने ऐसे लोगों को बुलाकर लताड लगाई और दिव्यांग जन से अवैध रूप से की गई वसूली पर रोक लगाई। इस पर दिव्यांग जनों ने उपखंड अधिकारी का आभार व्यक्त किया। चिकित्सक के द्वारा पहले ऑनलाइन का अडंगा लगाने के कारण काफी देर तक दिव्यांग परेशान रहे। कई चिकित्सक ने महिला दिव्यांग के साथ अभद्र व्यवहार किया। जिसको लेकर मामला गरमा गया। इस पर खंड मुख्य चिकित्सा अधिकारी लोकेश मीणा, उपखंड अधिकारी अनुराग हरित, प्रधान वीरवती के द्वारा दिव्यांगजन के प्रति सहानुभूति पूर्वक व्यवहार करने तथा उनका कार्य निपटाने के निर्देश दिए। तब जाकर दिव्यांग व उनके परिजन शांत हुए।

शिविर के दौरान प्रधान वीरवती, पूर्व प्रधान शिव लाल गुर्जर, सरपंच हिम्मत सिंह चौधरी, सरपंच बच्चों सिंह, सरपंच हजारी लाल मीणा, सहायक अभियंता बी एल मीणा मौजूद रहे। उपखंड अधिकारी मालाखेडा के निर्देश पर राजस्व विभाग के भूअभिलेख निरीक्षक श्रीलाल मीणा, लोकेश मीणा, पटवारी अमरचंद, हरि सिंह, पीके जैमन सहित अन्य ने कार्य में सहयोग प्रदान किया।

उपखंड अधिकारी मालाखेडा अनुराग हरित ने बताया सक्षम अलवर अभियान के तहत 351 से अधिक पंजीयन किए गए। इन सभी दिव्यांगों का ऑनलाइन पंजीयन करने के बाद दिव्यांग प्रमाण पत्र बनाने की प्रक्रिया शुरू की गई। खंड मुख्य चिकित्सा अधिकारी लोकेश मीणा ने बताया दिव्यांग के आवेदन रिजेक्ट हुए हैं, उनका दोबारा से प्रमाण पत्र बनाया जाएगा तथा दिव्यांगों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं आने दी जाएगी।



सक्षम अलवर अभियान के तहत शिविर में 351 से अधिक रजिस्ट्रेशन किए गए।

# वेटरनरी विश्वविद्यालय को आई.सी.ए.आर. से पांच वर्षों के लिए मान्यता मिली

## वित्तीय सहायता व संसाधन होंगे उपलब्ध

**बीकानेर, (कासं)।** भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद्, नई दिल्ली ने राजस्थान पशु चिकित्सा और पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, बीकानेर को अगले पांच वर्षों के लिए अपनी मान्यता (अधिस्वीकरण) प्रदान की है। वेटरनरी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सतीश कुमार गर्ग के नेतृत्व में प्रस्तुत की गई, स्व-अध्ययन रिपोर्ट के बाद आई.सी.ए.आर. की चार सदस्यीय पीयर रिव्यू टीम की आंकलन रिपोर्ट के आधार पर आगामी पांच वर्षों 2021-22 से 2025-26 के लिए ग्रेड़ 'ए' के साथ राजुवास को मान्यता प्रदान की गई है। कुलपति प्रो. सतीश कुमार गर्ग ने बताया कि आई.सी.ए.आर. से आगामी पांच वर्षों के लिए अधिस्वीकरण से विश्वविद्यालय में छात्र शोध, फैकल्टी कौशल विकास, उन्नत पशुधन प्रबंधन एवं उन्नत चिकित्सकीय सुविधाओं को बल मिलेगा तथा वेटरनरी विश्वविद्यालय को एक नई पहचान मिलेगी।

कुलपति प्रो. गर्ग ने बताया कि विश्वविद्यालय के सभी महाविद्यालयों एवं ईकाइयों के समुचित प्रयासो से हमें यह सफलता मिली है अब हम पशुचिकित्सा शिक्षा के नये आयामों व पशुपालकों के कौशल विकास के साथ-साथ नई परियोजनाओं को अंजाम दे सकेंगे।

गौरतलब है कि मान्यता प्रदान करने हेतु भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद् की चार सदस्य पीयर रिव्यू टीम ने विश्वविद्यालय के संघटक महाविद्यालय पी.जी.आई.वी.ई.आर. जयपुर एवं वेटरनरी महाविद्यालय, नवानियां, उदयपुर के साथ-साथ वेटरनरी कॉलेज, बीकानेर में 1 से 3 दिसम्बर, 2021 को दौरा एवं निरीक्षण किया। कुलपति प्रो. गर्ग ने बताया कि पीयर रिव्यू टीम के सदस्यों ने वेटरनरी विश्वविद्यालय के विभिन्न परिसरों का भ्रमण कर सभी विभागों में शैक्षणिक और अनुसंधान गतिविधियों का जायजा लिया। टीम ने वित्तीय, प्रशासनिक और ढ ांचागत विकास कार्यों को भी देखा। टीम के सदस्यों ने पशुचिकित्सा शिक्षा, पशुपालक और पशुधन कल्याणकारी योजनाओं और कार्यक्रमों को राज्य में अत्यंत उपयोगी बताते हुए राजुवास द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना भी की थी।

- चार सदस्यीय पीयर रिव्यू टीम की आंकलन रिपोर्ट के आधार पर मिली मान्यता

सदस्यीय दल के निरीक्षण एवं मूल्यांकन के आधार पर तैयार रिपोर्ट के आधार पर भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद् द्वारा विश्वविद्यालय का पांच वर्षों के लिए अधिस्वीकरण किया किया गया है। जिससे विश्वविद्यालय को वित्तीय सहायता एवं विभिन्न योजनाओं को मंजूरी प्रदान की जा सकेगी।

# आयुर्वेद नर्सेज भर्ती में 536 पदों पर नियुक्ति आदेश जारी

**अजमेर, (कासं)।** अखिल राजस्थान राज्य आयुष नर्सेज महासंघ के विगत दो वर्षों के लम्बे संघर्ष के बाद आखिरकार आयुर्वेद विभाग अजमेर द्वारा बुधवार को विभागान्तर्गत प्रक्रियाधीन 704 आयुर्वेद नर्सेज भर्ती में से कुछ पदों को होल्ड रखते हुए 536 पदों पर नियुक्ति आदेश जारी कर दिए गए हैं। इससे प्रदेश के बेरोजगार व कार्यरत नर्सेज में खुशी का माहौल है। महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष छीतर मल सैनी ने नर्सेज भर्ती में नियुक्ति आदेश जारी कर बेरोजगार नर्सेज को नियुक्ति का तोहफा देने पर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, आयुर्वेद मंत्री डॉ. सुभाष गर्ग, आयुष सचिव विनीता श्रीवास्तव, उपसचिव आरएन शर्मा, ओएसडी डॉ. गिरधर गोपाल शर्मा सहित निदेशाल य व आयुर्वेद यूनिवर्सिटी जोधपुर के अधिकारियों का आभार जताया। प्रदेश अध्यक्ष सैनी ने कहा कि आयुर्वेद विभाग में उक्त 704 नर्सेज भर्ती आजतक के इतिहास में सबसे बड़ी भर्ती साबित होगी।

# सहायक सांख्यिकी अधिकारी परीक्षा में संशोधन का अवसर

- अभ्यर्थी का नाम एवं फोटो के अतिरिक्त सभी प्रकार के बदलाव कर सकेंगे

**अजमेर, (कासं)।** राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग हेतु सहायक सांख्यिकी अधिकारी परीक्षा 2021 का आयोजन 8 जुलाई को अजमेर एवं जयपुर मुख्याल य पर किया जाना है। इस परीक्षा में आयोग द्वारा अभ्यर्थियों को बुधवार से ऑनलाइन संशोधन का अवसर दिया जा रहा है। आयोग सचिव एचएल अटल ने बताया कि दिनांक 25 मई से 3 जून 2022 तक अभ्यर्थियों द्वारा नाम एवं फोटो के अतिरिक्त सभी प्रकार के संशोधन ऑनलाइन किये जा सकेंगे।

ऑफलाइन संशोधन स्वीकार नहीं किये जायेंगें। ऑनलाइन संशोधन का अवसर अभ्यर्थियों के हितार्थ सुविधा मात्र है। परीक्षा के लिए जारी विज्ञापन में उल्लेखित पात्रता की शर्तों के अनुरूप ही संशोधन मान्य होंगे। विज्ञापन की शर्तें पूर्वानुसार ही रहेंगीं। संशोधन चाहने वाले अभ्यर्थी को ई-मित्र/ऑनलाइन बैंकिंग के माध्यम से 500 रूपए का शुल्क जमा कराना होगा। आयोग के ऑनलाइन पोर्टल पर उपल ब्ध एप्लाई ऑनलाइन लिंक अथवा एसएसओ पोर्टल पर लॉगिन कर सिटीजन ऐप्स में उपल ब्ध रिक्रूटमेंट पोर्टल का चयन कर संबंधित परीक्षा में ऑनलाइन संशोधन किया जा सकेगा।

# साक्षात्कार का परिणाम जारी

**अजमेर, (कासं)।** राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा बुधवार को प्रवक्ता-सिविल अभियांत्रिकी के साक्षात्कार का परिणाम जारी किया गया। सचिव एचएल अटल ने बताया कि तकनीकी शिक्षा विभाग में प्रवक्ता सिविल अभियांत्रिकी के पदों के लि ए आयोजित लि खित परीक्षा के परिणाम में अस्थाई रूप से सफल घोषित उम्मीदवारों के साक्षात्कार 23 एवं 24 मई 2022 को आयोजित किए गए थे। साक्षात्कार के बाद संबंधित सेवा नियमानुसार 12 अभ्यर्थियों को मुख्य सूची में सफल घोषित किया गया है।


राजस्थान नाथ समाज,जयपुर चुनाव समिति

प्रधान कार्यालय: श्री गोरक्षनाथ आश्रम, R-1, सेक्टर नं.7, विधाधर नगर, जयपुर-302039

चुनाव अधिसूचना

दिनांक 13.03.2022 को राजस्थान नाथ समाज संस्था जयपुर की साधारण सभा में सर्वसम्मति से संस्था के प्रदेश अध्यक्ष का चुनाव सम्पन्न करवाने हेतु चुनाव समिति का गठन किया गया था। चुनाव समिति द्वारा संस्था के चुनाव सम्पन्न करवाए जाने हेतु आजीवन सदस्यों की सूची (मतदाता सूची,रसीद बुक) प्राप्त करने के हर संभव प्रयास करने के बावजूद भी उपलब्ध नहीं होने के कारण चुनाव समिति ने सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया कि दिनांक 26.06.2022 को संस्था के प्रदेश अध्यक्ष का चुनाव संस्था के सदस्यों के खुले अधिवेशन में संस्था के प्रधान कार्यालय श्री गोरखनाथ आश्रम आर-1, सेक्टर नं.7, विधाधर नगर, जयपुर में कराया जावेगा जिसकी चुनाव अधिसूचना जारी कर दिनांक 26.06.2022 को खुला अधिवेशन बुलाया जाता है।

चुनाव समिति

दिनांक :- 22.05.2022 स्थान:- जयपुर राजस्थान नाथ समाज